# MP BOARD CLASS 10 PAPER 2015

# हिन्दी (विशिष्ट) : कक्षा X

समय : 3 घण्टा ] [ पूर्णांक : 100

**प्रश्न 1. निम्नलिखित रिक्त स्थानों की पूर्ति उचित शब्द का चयन कर कीजिए—** 1 × 5 = 5

(i) मलिक मुहम्मद जायसी की रचना ............... है। *(कामायनी/पद्मावत)*

(ii) आधुनिकता ............... का विरोध करती है। *(सम्प्रदाय/परम्परा)*

(iii) माई की बगिया में ............... के फूल खिलते हैं। *(गुलबकावली/चमेली)*

(iv) शृंगार रस का स्थायी भाव ............... है। *(निर्वेद/रति)*

(v) सन्धि ............... प्रकार की होती है। *(तीन/पाँच)*

**उत्तर**—(i) पद्मावत, (ii) सम्प्रदाय, (iii) गुलबकावली, (iv) रति, (v) तीन।

**प्रश्न 2. निम्नलिखित कथनों के सही विकल्प चुनकर लिखिए—** 1 × 5 = 5

**(i) हिमालय की झीलों में कवि नागार्जुन ने तैरते हुए देखा—**

(क) मछली को, (ख) मृग को, (ग) हंसों को, (घ) नारी को।

**(ii) बूढ़े किसान ने राष्ट्रपति को उपहार में भेंट किया—**

(क) फल, (ख) मिठाई, (ग) रुपया, (घ) शहद।

**(iii) हवा से भी तेज चलने वाला होता है—**

(क) पत्ता, (ख) मन, (ग) तिनका, (घ) पानी।

**(iv) "चौराहा" में समास है—**

(क) द्वन्द्व, (ख) तत्पुरुष, (ग) द्विगु, (घ) अव्ययीभाव।

**(v) "चौपाई छन्द" में मात्राएँ होती हैं—**

(क) 12, (ख) 14, (ग) 16, (घ) 24.

**उत्तर—(i)** (ग), **(ii)** (घ), **(iii)** (ख), **(iv)** (ग), **(v)** (ग)।

**प्रश्न 3. निम्नलिखित वाक्यों में सत्य/असत्य लिखिए—** 1 × 5 = 5

(i) नदियाँ आगे चलकर सागर में परिवर्तित हो जाती हैं।

(ii) गेहूँ मनुष्य की भूख एवं शारीरिक आवश्यकता का प्रतीक है।

(iii) "निंदक" समाज में सम्मान के पात्र होते हैं।

(iv) "जो कभी नहीं मरता" वह अमर कहलाता है।

(v) प्रबन्ध काव्य में पूर्वापर सम्बन्ध नहीं होता है।

**उत्तर**—(i) सत्य, (ii) सत्य, (iii) असत्य, (iv) सत्य, (v) असत्य।

**प्रश्न 4. खण्ड 'क' का खण्ड 'ख' से मिलान कर सही जोड़ी बनाइए—** 1 × 5 = 5

| 'क' | 'ख' |
|---|---|
| (i) वीरों का कैसा हो बसंत | (क) रामधारीसिंह 'दिनकर' |
| (ii) सच्चा धर्म | (ख) घनश्याम |
| (iii) सरस्वती | (ग) सुभद्राकुमारी चौहान |
| (iv) कुरुक्षेत्र | (घ) स्वर सन्धि |
| (v) विद्यालय | (ङ) सेठ गोविन्ददास |

उत्तर- (i) → (ग), (ii) → (ङ), (iii) → (ख), (iv) → (क), (v) → (घ)।

**प्रश्न 5. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य या एक शब्द में लिखिए—** 1 × 5 = 5

(i) गीता शास्त्र के महान उपदेशक कौन हैं ?

(ii) चलने के पूर्व बटोही को क्या करना चाहिए ?

(iii) कौन स्वयं जलकर भी दूसरों को प्रकाश देता है ?

(iv) नायक के सम्पूर्ण जीवन का चित्रण किस काव्य में मिलता है ?

(v) "ईश्वर के अनेकों नाम हैं।" वाक्य को शुद्ध कीजिए।

**उत्तर**—(i) श्रीकृष्ण, (ii) पथ की पहचान, (iii) दीपक, (iv) महाकाव्य में, (v) ईश्वर के अनेक नाम हैं।

**प्रश्न 6.** ईश्वर ने रोगों को दूर करने के लिए मनुष्य को क्या दिया है ? 2

***अथवा***

संसार में विद्यमान सचर-अचर प्राणी क्या कर रहे हैं ?

**प्रश्न 7.** श्रीकृष्ण के माथे पर लगे टीके की तुलना किससे की गई है ? 2

***अथवा***

कवि अज्ञेय के अनुसार काँटे की मर्यादा क्या है ?

**प्रश्न 8.** भारतेन्दु के अनुसार 'भारत' की दुर्दशा का मुख्य कारण क्या है ? 2

***अथवा***

कवि दिनकर चट्टानों की छाती से क्या निकालने के लिए कह रहे हैं ?

**प्रश्न 9.** कवि अभिमन्यु अनंत ने "नई सभ्यता" का स्वरूप कैसा बताया है ? 2

https://www.evidyarthi.in/

*अथवा*

कबीरदास के अनुसार हमें साधु से क्या नहीं पूछना चाहिए ?

**प्रश्न 10.** बसन्त ऋतु के आगमन पर प्रकृति में होने वाले दो परिवर्तन लिखिए। 2

*अथवा*

कवयित्री महादेवी वर्मा का "चिर सजग" से क्या आशय है ? लिखिए।

**प्रश्न 11.** लाला लाजपत राय की कोई दो विशेषताएँ लिखिए। 2

*अथवा*

पंचभूत एवं पंचगव्य में क्या अन्तर है ?

**प्रश्न 12.** गेहूँ और गुलाब से मानव को क्या प्राप्त होता है ? 2

*अथवा*

"बैल की बिक्री" कहानी के अनुसार मोहन शिबू के विषय में क्यों चिंतित था ?

**प्रश्न 13.** "मातृभूमि का मान" एकांकी के आधार पर वीरसिंह के चरित्र की दो विशेषताएँ लिखिए। 2

*अथवा*

"परीक्षा" कहानी के आधार पर सुजान सिंह के चरित्र की कोई दो विशेषताएँ लिखिए।

**प्रश्न 14.** धर्मवीर भारती के अनुसार "अधबनी धरा" पर अभी क्या-क्या बनना शेष है ? 2

*अथवा*

कवि अजहर हाशमी ने "बेटियों" को गौरवगाथाएँ क्यों कहा है ?

**प्रश्न 15.** निम्नलिखित शब्दों का सन्धि-विच्छेद कर नाम लिखिए— 2

(i) रजनीश, (ii) सज्जन।

*अथवा*

निम्नलिखित शब्दों के समास-विग्रह कर समास का नाम लिखिए—

(i) माता-पिता, (ii) राजभवन।

**प्रश्न 16.** स्थायी भाव एवं संचारी भाव में कोई दो अन्तर लिखिए। 2

*अथवा*

खण्डकाव्य की परिभाषा एवं एक खण्डकाव्य का नाम लिखिए।

**प्रश्न 17.** भारतीय स्त्रियों के कौन-कौन से गुणों ने भगिनी निवेदिता को प्रभावित किया ? (कोई तीन लिखिए 3

*अथवा*

यक्ष के, संसार के सबसे बड़े आश्चर्य सम्बन्धी प्रश्न पर युधिष्ठिर ने क्या उत्तर दिया ?

**प्रश्न 18.** निम्नलिखित वाक्यों को निर्देशानुसार परिवर्तित कीजिए— 3

(i) दीपक बाजार जा रहा है। *(प्रश्नवाचक वाक्य)*

(ii) गणित का प्रश्नपत्र कठिन है। *(निषेधात्मक वाक्य)*

(iii) तुम्हें अपना गृह कार्य करना चाहिए। *(आदेशात्मक वाक्य)*

*अथवा*

निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध कीजिए—

(i) खरगोश को काटकर गाजर खिलाओ।

(ii) हर्षित शुद्ध गाय का दूध पीता है।

(iii) अमित को अनुत्तीर्ण होने की आशा है।

**प्रश्न 19.** उल्लाला छन्द की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए। 3

*अथवा*

अतिशयोक्ति अलंकार की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए।

**प्रश्न 20.** छायावादी काव्य की कोई **चार** विशेषताएँ लिखिए। 4

*अथवा*

रीतिकाल को श्रृंगार काल क्यों कहा जाता है ? रीतिकाल के किन्हीं दो कवियों एवं उनकी रचनाओं के नाम लिखिए।

**प्रश्न 21.** आत्मकथा और जीवनी में कोई **दो** अन्तर लिखते हुए एक-एक रचना एवं रचनाकारों के नाम लिखिए। 4

*अथवा*

नाटक और एकांकी में कोई **दो** अन्तर लिखते हुए एक-एक रचना एवं रचनाकारों के नाम लिखिए।

https://www.evidyarthi.in/

**प्रश्न 22.** 'सूरदास' *अथवा* 'जयशंकर प्रसाद' की काव्यगत विशेषताएँ निम्नलिखित बिन्दुओं के आधार पर लिखिए—(i) दो रचनाएँ, (ii) भाव पक्ष-कला पक्ष। 2+2=4

**प्रश्न 23.** 'हजारीप्रसाद द्विवेदी' *अथवा* 'श्रीलाल शुक्ल' का साहित्यिक परिचय निम्नलिखित बिन्दुओं के आधार पर लिखिए—(i) दो रचनाएँ, (ii) भाषा-शैली। 2 + 2 = 4

**प्रश्न 24. निम्नलिखित में से किसी एक पद्यांश की व्याख्या संदर्भ प्रसंग सहित लिखिए—**
1 + 1 + 2 = 4

*कबहूँ ससि माँगत आरि करैं कबहूँ प्रतिबिंब निहारि डरैं।*
*कबहूँ करताल बजाइकै नाचत मातु सबै मन मोद भरैं॥*
*कबहूँ रिसिआइ कहैं हठि कै पुनि लेत सोई जेहि लागि अरैं।*
*अवधेस के बालक चारि सदा तुलसी-मन-मंदिर में बिहरैं॥*

***अथवा***

*बिना बिचारे जो करे, सो पीछे पछिताय।*
*काम बिगारै आपनो, जग में होत हँसाय॥*
*जग में होत हँसाय, चित्त में चैन न पावै।*
*खान-पान सनमान, राग-रंग मनहिं न भावै॥*
*कह गिरिधर कविराय, दु:ख कछु टरत न टारे।*
*खटकत है जिय माहिं, कियो जो बिना बिचारे॥*

**प्रश्न 25. निम्नलिखित में से किसी एक गद्यांश की संदर्भ, प्रसंग सहित व्याख्या कीजिए—**
1 + 1 + 2 = 4

कृष्ण भारतवर्ष के लिए एक अमूल्य निधि हैं, वे हमारी राष्ट्रीय संस्कृति के सर्वश्रेष्ठ प्रतिनिधि हैं। जिस प्रकार पूर्व और पश्चिम के समुद्रों के बीच प्रदेश को व्याप्त करके गिरिराज हिमालय पृथ्वी के मानदण्ड की तरह स्थित है, उसी प्रकार ब्रह्मधर्म और क्षात्रधर्म इन दो मर्यादाओं के बीच की उच्चता को व्याप्त करके श्रीकृष्ण चरित्र पूर्ण मानवी-विकास के मानदण्ड की तरह स्थित है।

***अथवा***

शास्त्रों में सत्य और असत्य की व्याख्या बड़ी बारीकी से की गई है। अनेक बार सत्य के स्थान पर मिथ्या भाषण सत्य से भी बड़ी वस्तु होती है। जीवन में धर्म से बड़ी कोई चीज नहीं है, धर्म को रक्षा यदि असत्य से होती है तो असत्य सत्य से भी बड़ा हो जाता है।

**प्रश्न 26. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए—**
1 + 1 + 1 + 2 = 5

स्वार्थ और परमार्थ मानव की दो प्रवृत्तियाँ हैं। हम अधिकतर सभी कार्य अपने लिए करते हैं। 'पर' के लिए सर्वस्व बलिदान करना ही सच्ची मानवता है। यही धर्म है, यही पुण्य है। इसे ही परोपकार कहते हैं। प्रकृति हमें निरन्तर परोपकार का संदेश देती है। नदी दूसरों के लिए बहती है। वृक्ष मनुष्यों को छाया तथा फल देने के लिए ही धूप, आँधी, वर्षा और तूफानों में अपना सब कुछ बलिदान कर देते हैं।

**प्रश्न—(i)** उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए। **(ii)** सच्ची मानवता क्या है? **(iii)** वृक्ष हमें परोपकार का संदेश कैसे देते हैं? **(iv)** उपर्युक्त गद्यांश का सारांश लिखिए।

**प्रश्न 27. अपनी निर्धनता का उल्लेख करते हुए अपने प्राचार्य को शुल्क मुक्ति हेतु आवेदन पत्र लिखिए।** 2 + 2 + 1 = 5

***अथवा***

अपने बड़े भाई के विवाह में अपने मित्र को आमन्त्रित करने के लिए पत्र लिखिए।

**प्रश्न 28. (अ) निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर 200 से 250 शब्दों में सारगर्भित निबन्ध लिखिए—** 7

(i) छात्र और अनुशासन, (ii) पर्यावरण प्रदूषण—कारण और निदान, (iii) जीवन में खेलों का महत्व, (iv) विज्ञान का जीवन पर प्रभाव, (v) आधुनिक भारत में नारी।

**(ब) निम्नलिखित में से किसी एक विषय की रूपरेखा 50 शब्दों में लिखिए—** 3

(i) समाचार-पत्र की उपयोगिता, (ii) दीपावली, (iii) वन-संरक्षण।

https://www.evidyarthi.in/